परीक्षण और तकनीकी सेवाएं

परीक्षण :

ससमीरा की मॉडम प्रयोगशालाएं है जिनमें अनुप्रयुक्त अनुसंधान, अन्वेषण करने और व्यापक श्रृंखला की वस्त्र सामग्री, रंजकों, ऑक्सिलिरीज और रसायनों दोनों प्रकार का परीक्षण करने के लिए अत्याधुनिक परीक्षण और विश्लेषण करने के उपकरण उपलब्ध हैं । ससमीरा की प्रयोगशालाएं अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो फॉर स्टेंडर्डाईजेशन ऑफ मेनमेड फाईबर (बीआईएसएफए), ब्यूरो ऑफ इंण्डियन स्टेंडर्ड (बीआईएस), अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ टेक्सटाईल्स केमिस्ट एंड कलरिस्ट (एएटीसी) और अन्य संस्थानों से मान्यता प्राप्त हैं ।

प्रयोगशाला की परीक्षण सुविधाओं का उपयोग वस्त्र विनिर्माताओं, आयात और निर्यात सदनों, सरकारी एजेंसियों, अन्य अनुसंधान व विकास संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे विभिन्न संगठनों द्वारा विनिर्मित वस्त्र और संबद्ध उत्पादों का भौतिक और रासायनिक विश्लेषण करने के लिए किया जाता है ।

इस समय ससमीरा नई सहस्त्राब्दि में मिलने वाली नई चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनी परीक्षण सुविधाओं में विशेषकर तकनीकी वस्त्रों का परीक्षण करने के लिए नई सुविधाओं की श्रृंखला जोड़ने का तेजी से प्रयास कर रही है । ससमीरा की प्रयोगशालाओं में वस्त्र और अन्य संबद्ध सामग्री का विशिष्ट परीक्षण करने के लिए अन्य श्रृंखला के उपकरण भी उपलब्ध हैं ।

तकनीकी सेवाएं

ससमीरा उद्योग की रोजमर्रा की समस्याओं को निपटाने के लिए गहन तकनीकी सेवाएं प्रदान करती है । इन तकनीकी सेवाओं में विनिर्माण प्रक्रियाओं में स्थानिक दोषों की तकनीकी समस्याओं का विश्लेषण करना और विनिर्माण, मशीनरी और कच्चे माल के लिए उपचारी सुझाव देना शामिल है जिसका उद्देश्य गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार लाना है ।

ससमीरा का विकेन्द्रीकृत विद्युतकरघा उद्योग को परामर्श देने के लिए भिवण्डी में विद्युतकरघा सेवा केन्द्र भी हैं । चूंकि विकेन्द्रीकृत विद्युतकरघा उद्योग भारत का लगभग 75 प्रतिशत का उत्पादन करता है, इसलिए ससमीरा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल नवीकरण, आधुनिकीकरण और प्रशिक्षण के लिए विशेष उपाय कर रही है ।